# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 07.01.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 07.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।







@MahobaPolice

महोबा पुलिस
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 07.01.2025
मीडिया सेल, महोबा

# "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 07.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने जानलेवा हमला करने वाले वांछित अभियुक्त को अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित की गई व0उ0नि0 मलखान सिंह व उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी मय हमराह का0 धीरज कन्नौजिया व का0 भरत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 290/2024 धारा 109(1)/191(2)/191(3)/352/127(2) BNS से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त नीरज पुत्र वीर सिंह राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम कैथोरा थाना अजनर जनपद महोबा को गौड़ बाबा मंदिर के पास ग्राम कैथोरा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से हत्या के प्रयास में प्रयुक्त एक अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त के कब्जे से बरामद हुए अवैध शस्त्र व कारतूस के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 07/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

नीरज पुत्र वीर सिंह राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम कैथोरा थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 मलखान सिंह
2. उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी
3. का0 धीरज कन्नौजिया
4. का0 भरत सिंह

### बरामदगी-

01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद होना।



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 07.01.2025

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

महाकुम्भ-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन द्वारा चलाये जा रहे अभियानों के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 06.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार मय हमराह कां0 नरेन्द्र बाबू व कां0 सुभम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त चन्द्रभान पुत्र जोधा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम गहरा थाना कबरई जनपद महोबा जिसके कब्जे से 01 प्लास्टिक की बोरी से 25 क्वाटर देशी शराब झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुए ग्राम गहरा थाना कबरई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 07/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

चन्द्रभान पुत्र जोधा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम गहरा थाना कबरई जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार
2. कां0 नरेन्द्र बाबू
3. कां0 सुभम कुमार



कृपया अन्तर्जनपदीय सीमा क्षेत्र के थाना प्रभारी ध्यान दें...
क्रमशः थाना कोतवाली नगर, थाना कबरई, थाना श्रीनगर, थाना महोबकंठ, थाना अजनर के थाना प्रभारी महोदय उक्त फोटोज का भलीभांति अवलोकन कर लें...।
आपके थानाक्षेत्र अवस्थित अन्तर्राज्यीय बार्डर चेक पोस्ट पर फोटो के अनुसार व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, उच्चाधिकारियों द्वारा कभी भी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया जा सकता है, कृपया चेक पोस्ट पर पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आवश्यक प्रबन्ध कर लें। इस दौरान बार्डर चेक पोस्ट पर पुलिस बल द्वारा फोटो में दर्शायी गयी उत्तर प्रदेश पुलिस लिखी हुई जैकेट (यथासम्भव) को ही धारण किया जाये।